राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन)

जबकि, 13-14 फ़रवरी, 2021 के सप्ताहांत से आरंभ करते हुए, इलिनॉय राज्य में शीतकालीन तूफ़ान आ रहे हैं जिनके कारण विशाल मात्रा में हिम का संचय हो रहा है, तापमान अत्यंत ठंडा हो रहा है, और हाड़कंपाऊ बर्फ़ीली हवाओं के चलने से संपूर्ण राज्य के क्षेत्रों में तापमान शून्य से 15 से लेकर लगभग 30 डिग्री नीचे तक चला गया है; और,

जबकि, राष्ट्रीय मौसम सेवा (National Weather Service) के अनुसार, इलिनॉय में कड़ाके की सर्दी वाला मौसम बना रहना अपेक्षित है, जिसमें अत्यधिक ठंड और हिम का अतिरिक्त संचयन शामिल हैं। वर्तमान पूर्वानुमान बताते हैं कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में बेहद बर्फ़ीली हवाओं के कारण तापमान शून्य से 20 से लेकर 30 डिग्री तक नीचे जाएगा, और उत्तरी व पश्चिम-मध्य इलिनॉय में सबसे ठंडा तापमान देखने को मिलेगा; और,

जबकि, आर्कटिक हवा की लहरों के साथ तेज़ हवाएं खुले क्षेत्रों में तेज़ी से उड़ती व बहती हिम के कुछ क्षेत्र बनाएंगी; और,

जबकि, हिम, तेज़ झोंकेदार हवाओं, और निरंतर अधो-शून्य तापमानों के कारण, सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा को एक व्यापक ख़तरा मौजूद है; और,

जबकि, देश के अन्य भागों में चरम मौसम के कारण राज्य के प्राकृतिक गैस उत्पादक क्षेत्रों जैसे टेक्सास, ओकलाहोमा और कन्सास में कुएं जम गए हैं जिससे प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घट गई है जबकि प्राकृतिक गैस की मांग बढ़ रही है; और,

जबकि, अधो-शून्य तापमानों के चलते ऊर्जा की मांग में वृद्धि और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में बाधाएं आने कारण, यूटिलिटीज़ (गैस व विद्युत कंपनियां) यह सूचना दे रही हैं कि इस समय उन्हें प्राकृतिक गैस की थोक कीमत सामान्य से 10 से 100 गुना तक हो जाने का सामना करना पड़ रहा है। इन लागतों के कारण उपभोक्ताओं के लिए, विशेष रूप से नगरपालिका/नगर निगम के स्वामित्व वाली यूटिलिटीज़ (गैस व विद्युत कंपनियों) के ग्राहकों के लिए, कीमतों में भारी-भरकम उछाल आना अपेक्षित है, जिससे प्राकृतिक गैस और बिजली के मासिक बिल बढ़ जाएंगे; और,

जबकि, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (Illinois Emergency Management Agency) को प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर, हो सकता है कि स्थानीय संसाधन एवं क्षमताएं शेष नहीं रहें और राज्य संसाधनों को भीषण सर्दी के मौसम के प्रभावों पर प्रतिक्रिया देने एवं उनसे उबरने की आवश्यकता होगी; और,

जबकि, ये स्थितियां इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act) के अनुभाग 7 के अंतर्गत आपदा की उद्घोषणा जारी करने का विधिक औचित्य प्रदान करती है; और,

जबकि, इलिनॉय का संविधान, अनुच्छेद V, अनुभाग 8 में, यह प्रदान करता है कि "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और प्रस्तावना में कहता है कि, इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य है "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना";

अब, अतः, इलिनॉय के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), इसके द्वारा निम्नगत उद्घोषणा करता हूँ:

अनुभाग 1. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act) के 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 के प्रावधानों के अनुसरण में मैं यह पाता हूँ कि इलिनॉय राज्य के भीतर एक आपदा मौजूद है और इलिनॉय राज्य के भीतर की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूँ। यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग के प्राधिकार की अनुमति देती है।

अनुभाग 2. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (Illinois Emergency Management Agency) को यह निर्देश दिया जाता है कि वह आपदा प्रतिक्रिया और बहाली कार्यक्रमों में स्थानीय सरकारों की सहायता हेतु राज्य के संसाधनों का समन्वयन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन योजना (State Emergency Operations Plan) कार्यान्वित करे।

अनुभाग 3. प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक आपातकालीन खरीद, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act) द्वारा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों के संबंध में सहायता देने के लिए, इलिनॉय अधिप्राप्ति संहिता (Illinois Procurement Code) के वे उपबंध जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक कि वे संघीय कानून के लिए आवश्यक नहीं हैं।

अनुभाग 4. यदि आवश्यक हो तो, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act), 20, ILCS 3305/7(1) के अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त सरकारी कार्रवाई की जा सकती है।

अनुभाग 5: यह उद्घोषणा संघीय आपातकालीन या आपदा सहायता के अनुरोधों को स्वीकारना सुगम बना सकती है, बशर्ते क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन यह इंगित करे कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

अनुभाग 6: यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

____

जे बी प्रिट्ज़कर (JB PRITZKER)
अभिनियंत्रक (गवर्नर)

तारीख: 16 फरवरी, 2021